हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 26 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 आधुनिक सिस्टम व समयबद्ध योजना से जल गुणवत्ता सुधार का लक्ष्य




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला परीक्षा नोडल अधिकारी के निर्देशन में परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। परीक्षा नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में परीक्षा हेतु 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 19429 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 10 से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। अभ्यर्थी फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आयें।

### भांजी को बचाने नदी में लगाई थी छलांग

# घुनघुट्टा नदी में डूबने से मामा-भांजी की मौत, परिवार के साथ गए थे घूमने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिलासपुर रोड स्थित घुनघुट्टा नहीं में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब परिवार के साथ घूमने गए मामा-भांजी नदी के गहने पानी में डूब गए। दोनों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

**खास बात**

- गर्मी की छुट्टी में आई थी घर, रायपुर में करती थी पढ़ाई

जानकारी के अनुसार नमनाकला निवासी सिम्मी सोनी आ. ईश्वर सोनी (12 वर्ष) रायपुर स्थित अपने घर में रहकर पढ़ाई करती थी। गर्मी की छुट्टी होने पर सिम्मी नमनाकला स्थित अपने घर आई हुई थी। शनिवार को सिम्मी सहित परिवार के लगभग 5-6 लोग घूमने के लिए शहर से लगे बिलासपुर रोड समीप घुनघुट्टा नहीं गए थे। शाम को सिम्मी स्नान करने के लिए नदी में उतरी तभी पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। इधर भांजी को पानी में डूबता देख घुटरापारा चांदनी चौक





निवासी मामा विनीत सोनी आ. राधव सोनी भांजी को बचाने के लिए नदी में उतर गया लेकिन उसे नदी की गहराई का पता नहीं होने से वह भी डूबने लगा। मामा-भांजी को पानी में डूबता देख परिजन शोर मचाने लगे जिससे आसपास मौजूद ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच कर किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। परिजन तत्काल दोनों को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मामा-भांजी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के लिए दोनों शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। इधर एक साथ एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो जाने से परिवार सहित मोहल्ले में शोक का माहौल है।

### केशवनगर समीप एनएच पर हुए सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग एनएच-43 पर केशवनगर समीप शनिवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश मिंज के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार, राकेश मिंज बिश्रामपुर से अपने घर केशवनगर की ओर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान तेज धूप के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी,हादसे के बाद वे गंभीर रूप से घायल हो गए,सूचना मिलते ही बिश्रामपुर थाने की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, राकेश मिंज प्राथमिक शाला हरिजनपारा तेलईमुड़ा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे,वे शिक्षिका सलोमी लकड़ा के पति थे,घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित है।

# रफ्तार का कहर, स्कूटी सवार शिक्षिकाओं को ट्रक ने कुचला एक की मौके पर मौत, दूसरी का अस्पताल में इलाज जारी

**वाड्रफनगर।** वाड्रफनगर–रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। स्कूल जा रही दो शिक्षिकाएं तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं, जिसमें एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का शिक्षिका अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है।

जानकारी के अनुसार, करमडीहा स्कूल में पदस्थ शिक्षिकाएं रामकली मिंज लैब सहायक और रजनी केवट शनिवार की सुबह स्कूटी से विद्यालय जा रही थीं। जैसे ही शिक्षिकाएं बसंतपुर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों शिक्षिकाएं सड़क पर दूर जा गिरीं। दुर्घटना में रामकली मिंज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रजनी केवट गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद



स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल शिक्षिका को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, रजनी केवट की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है। इधर घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### लोगों में आक्रोश, सड़क सुरक्षा की मांग

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल के लिए इंतजाम किए जाएं, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी संकेत व स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।



# गोदाम संचालक के खिलाफ एफआईआसर दर्ज हो : पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मध्यस्थल में मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में भीषण आगजनी की घटना में प्रभावित लोगों के मुआवजे एवं उपरोक्त संस्थान के विरुद्ध तत्काल कानूनी कारवाई की मांग के लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस ने कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन सौंपा।

23 अप्रैल की दोपहर अम्बिकापुर शहर के सघन आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में स्थित मुकेश प्लास्टिक और पटाखा दुकान में भीषण आगजनी हुई थी। संकरी गलि में स्थित इस संस्थान के द्वारा भारी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किए जाने के आरोप लगे है। इसके अतिरिक्त इस भवन का उपयोग प्लास्टिक के वस्तुओं के भंडारण के लिये किया जा रहा था। बेहद ज्वलनशील इन पदार्थों में हुई आगजनी के कारण न केवल यह संस्थान पूरी तरह तबाह हो गया, साथ ही पास पड़ोस के कई आवासीय एवं व्यावसायिक संस्थानो को गंभीर क्षति भी हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की है कि आरोपी संस्थान के विरुद्ध तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज कर संचालकों की गिरफ्तारी की जाये। उन्होंने यह मांग भी की है कि मुकेश प्लास्टिक और पटाखा जैसे कई लाक्षागृह इस शहर में मौजूद हैं। उनकी पहचान कर उन्हें शहर से बाहर निकाला जाये। अपनी सबसे महत्वपूर्ण मांग के रुप में उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि एक विशेषज्ञ की टीम गठित कर इस आगजनी में प्रभावित परिवारों के मुआवजे का निर्धारण करवाकर समय सीमा के भीतर मुआवजे का वितरण दोषी संस्थान के संचालकों से करवाया जाये। मंत्री राजेश अग्रवाल के द्वारा इस मामले में की गई बयानबाजी पर आपत्ति करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा है कि उन्हें इस शहर की जनता ने अपना जनप्रतिनिधी चुना है न कि मुकेश प्लास्टिक और पटाखा वाले संचालक ने। उन्हें शहर के जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का न केवल निर्वाह करना चाहिये बल्कि ऐसा करते हुए स्पष्ट रुप से दिखना भी चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ ज्ञापन सौपने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, विनित विशाल जायसवाल, जमील खान, आशीष वर्मा, चंद्रप्रकाश सिंह, अमित सिंह, दिनेश शर्मा, परवेज आलम गांधी मौजूद थे।




## खबर संक्षेप

### एकजुट होकर ही मलेरिया को करें खत्म




**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व मलेरिया दिवस इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन के लिए तत्काल कार्रवाई करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह एक रोकथाम योग्य और उपचार योग्य बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीस मच्छरों के काटने से फैलती है। केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग चिरमिरी के छात्र-छात्रा के द्वारा जिला अस्पताल एमसीबी और सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में रचनात्मक भूमिका-प्रदर्शन और शिक्षा के माध्यम से मलेरिया से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

### लंबित विद्युत प्रकरणों के निराकरण पर विशेष छूट

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, अनूपपुर वृत्त अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए नेशनल लोक अदालत 9 मई को आयोजित की जाएगी। मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अवसर पर विद्युत प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट योजना लागू की गई है।

### गर्मी से लोग हलाकान सड़कों पर पसरा सन्नाटा




**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान नजर आने लगती हैं और बाजारों व प्रतिष्ठानों में भी सन्नाटा पसरा रहता है। बढ़ते तापमान के कारण आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर इतना अधिक है कि दोपहर के समय सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही लगभग थम सी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। खासकर बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर के समय लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं, वहीं ठंडे पेयजल और छांव की तलाश बढ़ गई है। मौसम के तेवर देखते हुए लोगों ने प्रशासन से पेयजल व्यवस्था और राहत के उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### दामुज के जंगल से अवैध कोयला उत्खन्न

**कटगोड़ी।** कोरिया वन मंडल अंतर्गत कटगोड़ी क्षेत्र में भी अवैध रूप से कोयला उत्खनन का कार्य करने की जानकारी है, लेकिन वन विभाग द्वारा इस क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही कोयला उत्खनन पर अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, इसके चलते अवैध कोयला उत्खनन करने वाले जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से जान जोखिम में डालकर कोयले का उत्खनन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया वन मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत दामुज से लगे जंगल पहाड़ी में सुरंग बनाकर अवैध तरीके से लोगों द्वारा कोयला का उत्खनन कार्य काफी समय से कर रहे हैं, लेकिन अब तक वन विभाग कार्रवाई नहीं की।

### 45 दिन में ईटीपी टेंडर, 7-8 माह में निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रशासन की सख्ती

# आधुनिक सिस्टम व समयबद्ध योजना से जल गुणवत्ता सुधार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

झुमका जलाशय की जल गुणवत्ता सुधारने और प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक और समयबद्ध कार्ययोजना लागू कर दी है। खदान से निकलने वाले अपशिष्ट जल के कारण उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्ती के साथ सुधारात्मक कदम उठाए हैं, जिनका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

चरचा आरओ अंडर ग्राउंड कोल माइंस (एसईसीएल) से जुड़े इस मामले में अशोधित जल के प्रवाह को लेकर पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन पर संचालन पर रोक भी



लगाई गई थी। इसके बाद खदान प्रबंधन ने सुधारात्मक कार्यों की विस्तृत योजना प्रस्तुत की है। इसमें मौजूदा इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के साथ 4.5 एमएलडी क्षमता का नया ईटीपी प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव शामिल है, जिसे 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 22 अप्रैल को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में खदान, जल संसाधन और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने जल गुणवत्ता पर पड़ रहे प्रभावों की गहन समीक्षा की।

बैठक में यह तय किया गया कि ईटीपी निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया 45 दिनों के भीतर पूरी की जाएगी और टेंडर स्वीकृति के बाद 7 से 8 माह में प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ ही चरचा उपक्षेत्र की लगभग 2200 आवासीय इकाइयों में से पहले चरण में 1100 घरों के एसटीपी कनेक्शन को एक सप्ताह में सुधारने का निर्णय लिया गया है। जहां आवश्यक होगा, वहां सेटलिंग टैंक प्रणाली का उपयोग कर अपशिष्ट जल के बेहतर प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे ईटीपी की कार्यक्षमता भी मजबूत होगी। जल गुणवत्ता की निरंतर निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है, जिससे आमजन को वास्तविक समय में जानकारी मिल सके। बैठक में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, जल संसाधन विभाग कोरिया के कार्यपालन यंत्री अगस्टीन टोप्पो, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबंधक सिविल भानू सिंह, एसईसीएल बिलासपुर के महाप्रबंधक पर्यावरण, सब एरिया प्रबंधक चरचा आरओ यूजी कोल माइन, क्षेत्रीय अधिकारी सीईसीबी अंबिकापुर, जिला खनिज अधिकारी कोरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौनिहालों को राहतः आंगनबाड़ी संचालन का समय बदला

**बैकुण्ठपुर।** भीषण गर्मी के बीच आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय में परिवर्तन किया गया, वहीं केन्द्र के नौनिहालों के स्वास्थ्य को देखते हुए राहत प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन समय सुबह 7 से 11 बजे तक किया गया है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच केन्द्रों में पहुंचने वाले नौनिहानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति 9 बजे तक ही तय की गई है, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र की सेवाएं 11 बजे तक जारी रहेगी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका निर्धारित समय तक अपने कार्यों को पूरा करेंगी।

वहीं तय समय में बच्चों को पूर्व के अनुसार देख-रेख, शिक्षा गतिविधियों के समय पूरक पोषण आहार नियमित वितरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेश 30 जून तक प्रभावी रहेगा और 1 जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्र अपने सामान्य समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएगी।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bilaspur Korea - 24 Apr 2026 - Pa
तपती धूप में झुलस रहे नन्हें कदम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### नौनिहालों को मिली राहत

विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति 9 बजे तक ही निर्धारित की गई है, इससे आंगनबाड़ी केन्द्र जाने वाले नौनिहालों को बड़ी राहत मिल गई है, इसके पहले छोटे-छोटे बच्चे सुबह 11 बजे कार्यकर्ता के केन्द्र में रहने तक मौजूद रहते थे, तब तक धूप तेज होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए 9 बजे तक ही बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की तस्वीर साफ, 2 को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के आगामी चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी अशोक सिंह और सहायक निर्वाचन अधिकारी जयलाल सिंह करयाम ने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। मुख्य पदों के लिए चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी की गईं है। इनमें अध्यक्ष पद मनोज त्रिपाठी और रविन्द्र कुमार जायसवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष पद समय लाल सिंह और विनय पाठक चुनावी मैदान में हैं। सचिव पद त्रिकोणीय मुकाबले में आशीष सिंह, कमलेश पाण्डेय और राम सेवक सोनी अपनी किस्मत आजमाएंगे।




### निर्विरोध चुने गए प्रत्याशी

निर्वाचन अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुछ पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी होने के कारण वहां मतदान की आवश्यकता नहीं होगी। इन पदों में उपाध्यक्ष महिला, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव और पुस्तकालय प्रभारी शामिल हैं।

कार्यकारिणी सदस्य इस पद के लिए पांच प्रत्याशी अलोक अग्रवाल, आशीष राय, प्रहलाद श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार पटेल और राजेश गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं।

### मतदान का समय और परिणाम

चुनाव की प्रक्रिया 2 मई को संपन्न होगी। मतदान सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। उसी दिन शाम 4 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी, जिसके तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मतपत्रों में प्रत्याशियों के नाम अंग्रेजी वर्णमाला (अल्फाबेटिकल आर्डर) के अनुसार अंकित किए जाएंगे। अधिवक्ता संघ के सदस्यों में इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## कोरिया जिले में स्काउटिंग को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

■ रायपुर से लौटे प्रशिक्षित लीडर्स

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के तत्वावधान में रायपुर में आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय पीपीटी कार्यशाला से लौटे कोरिया जिले के प्रशिक्षित लीडर्स अब जिले में स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधियों को नया आयाम देंगे। 20 से 24 अप्रैल तक बालाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में आयोजित इस आवासीय कार्यशाला में आधुनिक एवं पेपरलेस प्रशिक्षण पद्धति पर विशेष फोकस रहा।

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के आदेश तथा राज्य सचिव बृजेश वाजपेई के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के 14 जिलों से 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कोरिया जिले से



जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं लीडर ट्रेनर नागेश्वर साहू ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यशाला का उद्देश्य स्काउटर और गाइडर प्रशिक्षण में एकरूपता लाना तथा आधुनिक तकनीक के जरिए प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस बनाना रहा। इस दौरान बेसिक कोर्स से लेकर हिमालयन वुड बैज तक के पाठ्यक्रमों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली पीपीटी सामग्री तैयार की गई। पारंपरिक चार्ट, ब्लैकबोर्ड और मैनुअल आधारित प्रशिक्षण की जगह अब पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए अधिक प्रभावी प्रशिक्षण देने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता के साथ विषयवस्तु को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के सफल संचालन में अशोक देशमुख, सरिता पांडे, अमित क्षत्रीय, जलवती साहू, डॉ. पूनम सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा और जेमिना एक्का का विशेष योगदान रहा। समापन दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में कोरिया जिले के डॉ. उत्तम कुमार साहू को सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) का प्रमाण पत्र, अनरेबल चार्ज एवं बीड्स प्रदान किए गए। वहीं श्याम कुमार आण्डिल तथा प्रवीण तिग्गा को हिमालयन वुड बैज प्रमाण पत्र, पार्चमेंट और बीड्स प्रदान किए गए। रायपुर से लौटे प्रशिक्षित लीडर्स की उपलब्धि पर कलेक्टर संजय त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी समेत जिला संघ के पदाधिकारियों और स्काउटर-गाइडरों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## 220 बिस्तर अस्पताल के उन्नयन में तेजी


**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र स्थित 220 बिस्तर अस्पताल के उन्नयन कार्य में इन दिनों उल्लेखनीय तेजी देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे जिले के चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार की रात 9 बजे तक सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे और अस्पताल के अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी ने अस्पताल के उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों और सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया और अस्पताल के उन्नयन कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर खास ध्यान देने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि यह उन्नयन अस्पताल के भीतर मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ चिकित्सा कर्मचारियों के लिए भी एक सुविधाजनक



कार्यस्थल प्रदान करेगा। हमारा लक्ष्य है कि मनेन्द्रगढ़ में यह अस्पताल जिले के सबसे उन्नत चिकित्सा केन्द्र के रूप में स्थापित हो। मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल क्षेत्र में हो रहे इन बदलावों को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है। अस्पताल के उन्नयन से न केवल स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस अस्पताल का उन्नयन पूरी तरह से आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस होगा, जिससे मरीजों को अत्याधुनिक उपचार मिल सकेगा।

## तपती धूप के बीच गुलमोहर की राहत...



**बैकुण्ठपुर।** गुलमोहर के पेड़ों पर फूल आना गर्मी का प्रतीक होता है। तपती धूप के बीच शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुलमोहर के पेड़ों पर सुर्ख लाल फूल ऐसे लदे हैं मानो पेड़ पर फूलों की चादर ओढ़ा दी गई हो, जो हर किसी का मन मोह रहा।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में समर स्पार्क समर कैंप शुरु

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रतिष्ठित एवं मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में समर स्पार्क समर कैंप का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कैंप के प्रथम दिवस पर विद्यालय परिसर बच्चों की ऊर्जा, हंसी और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर नजर आया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी छुपी प्रतिभाओं को निखारना है।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के ामक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर हुई। तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा सभा का संचालन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक श्री राज की



विशेष भूमिका रही। प्रथम दिवस पर बच्चों के लिए आकर्षक जुंबा सेशन आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वयं को ऊर्जावान महसूस किया। इसके बाद क्रिकेट गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने खेल भावना, टीमवर्क एवं अनुशासन के महत्व को समझा।

## स्टेशन मास्टर अब कहलाएंगे स्टेशन प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

■ रेलवे बोर्ड के फैसले का स्वागत

भारतीय रेलवे ने स्टेशन सुपरिंटेंडेंट/स्टेशन मास्टर के पदनाम में बड़ा बदलाव करते हुए अब इसे स्टेशन प्रबंधक नाम दिया है। रेलवे बोर्ड के आदेश क्रमांक ए (जी) 32/2026 22 अप्रैल के तहत यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे स्टेशन मास्टर संवर्ग के मान-सम्मान और गरिमा से जुड़ा ऐतिहासिक कदम बताया है।

एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल शरद चंद्र पुरोहित ने कहा कि संगठन लंबे समय से इस मांग को विभिन्न स्तरों पर उठा रहा था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जोनल स्तर पर महाप्रबंधक और मंडल स्तर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यरत हैं, उसी अनुरूप स्टेशन स्तर पर स्टेशन प्रबंधक पदनाम प्रशासनिक दृष्टि से भी तार्किक और उपयुक्त है। रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार ग्रेड पे 4600 (लेवल-7) के अधिकारी अब उप स्टेशन प्रबंधक कहलाएंगे, जबकि ग्रेड पे 4800 (लेवल-8) के अधिकारी स्टेशन प्रबंधक के रूप में जाने जाएंगे। हालांकि इस पदनाम परिवर्तन से दायित्वों, कार्यप्रणाली या वेतनमान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एसोसिएशन ने बताया कि संगठन के सतत प्रयासों से पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां मिली हैं, जिनमें कैडर पुर्नगठन, वर्दी भत्ता, असिस्टेंट स्टेशन मास्टर पद का विलोपन, प्रारंभिक भर्ती में ग्रेड पे 4200 सुनिश्चित कराना, फर्स्ट क्लास पास सुविधा और रात्रि भत्ता की पुर्नबहाली शामिल हैं। एसोसिएशन ने इस निर्णय के लिए रेलवे बोर्ड के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता मिलती रहेगी।

## पुलिस पर जानलेवा हमला कर सर्विस पिस्टल लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर।** जिले के सरई चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम पर हुए प्राणघातक हमले और सर्विस पिस्टल लूट की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने महज चार दिन में पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सर्विस पिस्टल एवं 10 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

घटना बीते 21 अप्रैल की है, जब चौकी सरई क्षेत्र में सूचना मिली कि तीन संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से बकरी चोरी कर फरार हो रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मंगल दुबे, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद मरावी के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की। पुलिस को सामने देख आरोपी बकरी को सड़क पर



फेंककर भागने लगे। पीछा करने पर अचानक पुलिस टीम पर हमला कर दिया। एक आरोपी कुल्हाड़ी से उपनिरीक्षक मंगल दुबे के सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य आरोपियों ने पत्थरों से हमला कर प्रधान आरक्षक को भी चोटिल कर दिया। इसी अफरा-तफरी का फायदा उठाकर आरोपी चौकी प्रभारी की सर्विस पिस्टल लूटकर जंगल की ओर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

### जनगणनाः ग्रामसभा में जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** जनगणना 2027 को लेकर विशेष ग्रामसभा में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया और इससे जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। बैठक में बताया गया कि 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणन का अवसर दिया गया है, जिसके तहत नागरिक घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। ग्रामसभा में उपस्थित लोगों को मोबाइल नंबर के जरिए लॉगिन, ओटीपी सत्यापन, स्मार्ट जियो-टैगिंग और घर से संबंधित सभी विवरण भरने की प्रक्रिया सरल और स्पष्ट तरीके से समझाई गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने जानकारी दी कि 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, उसकी स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और अन्य आवश्यक जानकारियों का संग्रह करेंगे।

## वादों में सिमटा पोखरी तालाब का सौंदर्यीकरण



**कोरिया कॉलरी।** शहर की पहचान और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध पोखरी तालाब आज बदहाली की मार झेल रहा है। कभी आकर्षण का केन्द्र रहा यह तालाब अब कचरे, प्लास्टिक, बदबू और अव्यवस्थाओं का अड्डा बनता जा रहा है। तालाब के किनारों पर फैली गंदगी, पानी में तैरता कचरा और सीढ़ियों पर जमी काई साफ बता रही है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से नदी-तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन कोरिया कॉलरी का पोखरी तालाब सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया। चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों ने तालाब के बीच आकर्षक टापू, लाइटिंग और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक धरातल पर कोई ठोस काम नजर नहीं आया। लोगों का आरोप है कि घोषणाएं केवल भाषणों और फोटोबाजी तक सीमित रहीं।

### स्वास्थ्य पर भी मंडरा रहा खतरा

पोखरी तालाब में जमा गंदगी और सड़ता पानी आसपास के लोगों के लिए बीमारी का खतरा बनता जा रहा है। मच्छरों की बढ़ती संख्या और बदबू से स्थानीय नागरिक परेशान हैं। यदि समय रहते सफाई और रख-रखाव नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### जनता में आक्रोश, उठी कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन से केवल आश्वासन ही मिला। नागरिकों ने मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई कराई जाए, कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, सौंदर्यीकरण योजना को जमीन पर उतारा जाए तथा नियमित निगरानी और रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप



### विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने किया पुलिया निर्माण का भूमि पूजन

**राजपुर।** नरसिंहपुर मरकाडांड महान नदी पर लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से होने वाले पुलिया निर्माण का भूमि पूजन सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि प्रदेश की सरकार लगातार जनता के लिए लोकहित में कार्य कर रही है। बीते कुछ वर्षों से क्षेत्र में क्षेत्र का विकास रुक सा गया था लेकिन अब विकास कार्य लगातार जनता के मांगो के अनुरूप किया जा रहा हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान धर्मपाल जायसवाल, उदय यादव, बबलू यादव, सरपंच शंभू राम शांडिल्य, सतेंद्र यादव, प्रकाश यादव, साधु राम, उद्देश्य यादव, सुखनंदन राम, देव साय टेकाम, झरी राम, ईश्वर राम, प्रवीण सिंह, पप्पू राम सहित ग्राम परसागुड़ी, चिलमा, दुप्पी, मरकाडांड, चौरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन नरसिंहपुर उपसरपंच सतीश सिंह ने किया।

### पेंशन संशोधन से पेंशनरों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर फेडरेशन ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप 8 वें वेतन आयोग द्वारा पेंशन संशोधन निर्धारण का लाभ सभी पेंशनर को देने का प्रावधान किया गया है जिससे पेंशनरों में असंतोष ब्याप्त है।संगठन ने केंद्र सरकार की घोषणा का पूरा लाभ राज्य सरकार द्वारा नहीं देने का आरोप लगया है। संगठन ने चार श्रम कानून ,नई शिक्षा नीति को वापस लेने एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने,पेंशनरों को कोविड पूर्व जारी रेल किराया रियायत हवाई जहाज यात्रा की सुविधा बहाल करने, पेंशनरों की आय को आयकर से छूट देने की मांग की है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी घुरन राम आ. टोरी (45 वर्ष) सोमवार को परिवार के सदस्य गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घूरन राम ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया और डिब्बा को हाथ में पकड़ कर रखा था। इसी बीच भतीजा श्याम घर पहुंचा तो चाचा के हाथ में कीटनाशक का डिब्बा व चाचा की तबीयत बिगड़ते देख घटना की सूचना परिजन को दी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन तत्काल घर पहुंचे और घूरन को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पिछले पांच दिनों से खराब हालत में थाना परिसर में खड़ा है वाहन

# बतौली थाने का डायल 112 वाहन हुआ कंडम क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा लाभ



पुलिस द्वाराउपलब्ध कराए गए ऑटो से मरीज को अस्पताल ले जाते परिजन।



थाना परिसर में खराब डायल 112 वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

संजीवनी 108 और महतारी 102 की तरह आपातकालीन परिस्थिति में डायल 112 वाहन न सिर्फ घटना स्थल पहुंचती है बल्कि विभिन्न घटनाओं में घायल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की सेवा देती है। ऐसे में अगर वाहन खराब हो जाए तो सूचना के बाद भी कर्मचारी मौके पर पहुंचने में असमर्थ हो जाते है। कुछ इस तरह की स्थिति बतौली थाना के डायल 112 की है। वाहन पिछले पांच दिनों से कंडम हालत में परिसर में खड़ी है। गत दिन प्रसूता की प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन संजीवनी व महतारी वाहन को फोन कर सूचना दी लेकिन वाहन के नहीं पहुंचने पर डायल 112 को घटना की जानकारी।वाहन के खराब हो जाने पर पुलिस कर्मियों ने प्रसूता को ऑटो से अस्पताल ले जाने की व्यवस्था कर अपना फर्ज निभाया।

**खास बात**

- आज तक नहीं हुई वाहन की मरम्मत

बतौली थाना को मिले 112 वाहन मरम्मत के अभाव में अब कंडम अवस्था में हो गई है जहां अब क्षेत्र के लोगों को डायल 112 की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है जहां यह महत्वाकांक्षी योजना के धराशाई होने से अब आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बतौली थाना में डायल 112 की सेवा के लिए उपलब्ध कराया गया था। डायल 112 वाहन ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी बनी हुई थी जहां किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हर वक्त मौजूद रहता था लेकिन पिछले 5 दिनों से खराब पड़े वाहन के थाने में खड़े खड़ा है। शुक्रवार को बतौली थाना के बगल में ही एम्बुलेंस की इंतजार में गर्भवती महिला दर्द में 1 घंटे से तड़प रही थी लेकिन संजीवनी 108 वाहन नहीं पहुंची तो परिजन ने डायल 112 को सूचना दी। साथ ही परिजन थाने पहुंच और डायल 112 से प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने की बात कही। इधर डायल 112 के खराब हालत में थाना परिसर में पड़े होने से तथा एंबुलेंस की सेवा नहीं मिलने पर बतौली थाना में पदस्थ एसआई संजय गुप्ता द्वारा अपनी टीम की सहायता से तत्काल प्रसूता को अस्पताल ले जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था कराया जिसके बाद परिजन प्रसूता को ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से एंबुलेंस की समस्या से जूझना पड़ रहा है और अब स्थिति और गंभीर हो गई है जहां 112 वाहन कंडम अवस्था में खराब पड़ गया है। ग्रामीणों द्वारा शासन व प्रशासन से बतौली क्षेत्र में नए डायल 112 वाहन की मांग कर रहे है जिससे पूरे क्षेत्र में लोगों को तत्काल सहायता का लाभ मिल सके।

**एनएच 43 पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं**

बतौली क्षेत्र स्थित एनएच 43 पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसे में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का कार्य संजीवनी वाहन की अपेक्षा डायल 112 से ही किया जाता है। सड़क दुर्घटना के अलावा क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्र से भी घायलों को तत्काल डायल 112 से अस्पताल पहुंचाया गया है जिससे अब क्षेत्र के लोगों के लिए डायल 112 जीवनदायिनी बन गया है। इधर डायल 112 के खराब हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई।

**मरम्मत कर चला रहे काम**

डायल 112 वाहन काफी पुराना है जिसका मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। वाहन की स्थिति सही नहीं होने से बार-बार खराब हो जाती है। वाहन के खराब होने की जानकारी उच्चाधिकारी को दी गई है। हर क्षेत्र में नई वाहन की आवश्यकता है।

-राजेन्द्र मंडावी
एसडीओपी



## नगर में दूषित पेयजल आपूर्ति से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में विगत लंबे समय से हो रहे दूषित पेयजल आपूर्ति से लोग काफी परेशान है।लोगों ने दूषित पेयजल की वजह से होने वाली समस्याओं से नगर पंचायत को अवगत करा इसमे सुधार की मांग की थी। लेकिन नगर पंचायत द्वारा आश्वासन के बाद भी पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं होने से लोगों में काफी नाराजगी है। इस संबंध में भाजयुमो ने नपं अध्यक्ष से मुलाकात कर दूषित पेयजल समस्या निजात दिलाने की तथा दूषित पेयजल की जगह स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने की मांग की ताकि लोगों को दूषित जल से मुक्ति मिल सके।

- भाजयुमो ने अध्यक्ष से मिल जताया विरोध

विदित हो कि नगर में होने वाली पेयजल आपूर्ति सप्लाई में खराबी आने के कारण घरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। यह समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है जिसे लेकर लोगों ने कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया। जिस पर नगर पंचायत ने समस्या को दूर करने काफी कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। जिसकी वजह से घरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रही। दूषित जल की वजह से होने वाली बीमारियों से बचने मजबूरी में लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। नगरवासी चाहते थे कि इस समस्या का ठोस उपाय हो लेकिन नगर पंचायत समझ नहीं पा रही थी ये समस्या कहा से उत्पन्न हुई है। क्योंकि दशकों पहले पानी सप्लाई के लिए बिछाए गए पाइपलाइन के ऊपर कई जगह नाली और सड़के बन चुकी है। जिसकी वजह से दूषित पानी का कारण खोज पाना काफी मुश्किल काम था। इसके बाद भी नगर पंचायत ने काफी प्रयास किया पर सफलता नही मिली। लोग मजबूरी में दूषित पानी पी रहे थे जो सेहत के लिहाज से काफी नुकसानदेह है। कुछ दिनों पहले गंदे पानी के साथ पाइपलाइन के जरिये केंचुआ भी घरों में पहुँचने लगा था।जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और लोगों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अब भाजयुमो ने इस मुद्दे को उठाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के सामने दूषित पेयजल समस्या को लेकर विरोध दर्ज कराया। भाजयुमो ने नगर में होने वाली पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष भाजयुमो किशन, उपाध्याय संकेत गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजयुमो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक चोरी कर आग लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**राजपुर।** घर के आंगन से युवक ने न सिर्फ बाइक चोरी किया बल्कि महान नदी के बीच ले जाकर आग के हवाले कर दिया। बाइक मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चिलमा कला निवासी जय सिंह आ. मिठू राम चेरवा (36 वर्ष) हर रोज की भांति 21 अप्रैल की रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 2167 को घर के आंगन में खड़ा कर आंगन में ही खाट लगा कर सो गया। इसी बीच देर रात चोरों ने बाइक को पार कर महान नदी के बीच ले जाकर तोड़ फोड़ कर आग के हवाले कर दिया। पीड़ित जय सिंह ने घटना की रिपोर्ट राजपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2), 326(एफ) के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, गवाहों के बयान दर्ज किए तथा मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही की पहचान की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पस्ता अंतर्गत ग्राम भेंडरी निवासी आरोपी अजय कुमार चेरवा (23 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से जली हुई बाइक बरामद कर जब्त कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) एवं 326(एफ) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## लोक अदालत की सफलता के लिए प्रत्येक अधिवक्ता का सहयोग जरूरी : वार्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार, वर्षों से लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन चरण के प्रकरणों में अधिक से अधिक निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय में समस्त अधिवक्ता के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर ने की।

- 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई अधिवक्ताओं की बैठक



बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर ने कहा कि 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वे अपने सुलहनीय वादों में से कम से कम एक-एक वाद का निष्पादन अवश्य कराएं, जिससे पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। बैठक में राजीनामा योग्य प्रकरणों के चिन्हांकन, पक्षकारों के मध्य आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों के निराकरण में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के निपटारे तथा बीमा कम्पनी की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं के सहयोग के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं तथा 9 मई की नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरण तथा बैंक ऋण, विद्युत एवं जल के बकाया देयकों से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे जाएंगे। बैठक में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह, एफटीएससी न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल टोपनो, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बलराम शर्मा, अधिवक्ता आरपी. बाजपेयी, एके गोयल सहित समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)
क्रमांक/21011/वाचक-2/2026 सूरजपुर दिनांक 13/04/2026

// सार्वजनिक उद्घोषणा//

सर्व साधरण ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम/नगर झुमर पारा (नावापारा) प.ह.न.... तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला राजवाड़े पिता स्व.चेतन राम जाति रजवार निवासी ग्राम गुझरपारा नावापारा पोस्ट करंजी थाना विश्रमापुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पुत्र/पुत्री/पिता बाबा शिवधरण उर्फ शिवचरण पिता/पति भरथरी मृत्यु तिथि 25/10/1986 स्थान झुमरपारा के जन्म/मृत्यु पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 28/04/2026 दिन मंगलवार को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तह.मानी, तहसीलदार सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक



### संकल्प जीडी गोयनका हेल्थकेयर अकादमी ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

**अम्बिकापुर।** जीडी गोयनका हेल्थकेयर अकादमी द्वारा प्रथम स्थापना दिवस बड़े उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की एक वर्ष की सफल उपलब्धियों को साझा किया गया तथा आगामी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय गोयल एवं डॉ. अक्षय गोयल के अलावा अकादमी के प्रबंधन, शिक्षक, स्टाफ एवं विद्यार्थियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. अक्षय गोयल ने बताया कि अकादमी ने अपने प्रथम वर्ष में प्रमुख सर्टिफिकेट मेडिकल नर्सिंग असिस्टेंट, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, फ्लेबोटोमी टेक्नीशियन, पेशेंट रिलेशन एसोसिएट, ब्लड बैंक टेक्नीशियन, फार्मेसी असिस्टेंट, डेंटल असिस्टेंट, एक्स-रे टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, कार्डियक केयर टेक्नीशियन, ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, ऑप्टोमेट्री, हॉस्पिटल मैनेजमेंट टेक्नीशियन, एक्स रे टेक्नीशियन सहित विभिन्न सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का सफल संचालन किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम बैच के विद्यार्थियों के शानदार प्रवेश एवं सकारात्मक परिणाम संस्थान की सफलता का प्रमाण हैं। मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में हेल्थकेयर सेक्टर में प्रशिक्षित युवाओं की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने संस्थान के विज़न, भविष्य की योजनाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प को साझा किया और विद्यार्थियों, प्रबंधन व स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। डॉ. अक्षय गोयल ने कहा कि जीडी गोयनका हेल्थकेयर अकादमी स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हेल्थकेयर क्षेत्र में उज्ज्वल करियर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वर्ष 2026 के नए शैक्षणिक सत्र की घोषणा भी की गई, जो मई से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय सिंह, राकेश कोठारी, अखिलेश मिश्रा,भूपेश देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### लाइन हाजिर हुए साइबर सेल प्रभारी समेत दो प्रधान आरक्षकों का सूरजपुर जिले से बाहर तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के कुमेली घाट जुआ प्रकरण में दो दिन पूर्व लाइन हाजिर किए गए साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश यादव एवं दो प्रधान आरक्षक आनंद सिंह व उदय सिंह को आईजी ने जिले से बाहर तबादला कर दिया है। 24 अप्रैल को आईजी कार्यालय से जारी आदेश में सूरजपुर जिले के पूर्व साइबर सेल प्रभारी रहे राकेश यादव को सूरजपुर से जिला जशपुर, प्रधान आरक्षक क्रमांक 50 आनंद सिंह को सूरजपुर से जिला बलरामपुर एवं प्रधान आरक्षक क्रमांक 165 उदय सिंह को सूरजपुर से जिला एमसीबी स्थानांतरित किया गया है। उक्त तबादला आदेश प्रशासनिक आधार पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख किया गया है। साथ ही आदेश में सूरजपुर एसएसपी को उपरोक्त कर्मियों को नवीन पदस्थापना स्थल के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ ने विवादित प्रदेश उपाध्यक्ष को हटाया

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में सरगुजा क्षेत्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश जायसवाल को उनके पद से हटा दिया है। संगठन ने पूर्व उपाध्यक्ष को अपने निजी वाहन में लगाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष का बोर्ड तत्काल हटाने का निर्देश दिया है साथ ही उनके किसी भी कार्य या वक्तव्य के लिए उत्तरदायी नहीं होने का उल्लेख किया है। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व युवकों ने आपत्तिजनक स्थिति में उन्हें पकड़ा था तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया में घटना वायरल होने पर संगठन ने संविदा शिक्षक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**राजपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक वाड्रफनगर में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ममता यादव, प्रदेश सचिव हरिहर प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, राजकुमार यादव, संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे।प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष ब्यासमुनि यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार यादव ने वाड्रफनगर विकासखंड की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विजेंद्र यादव को ब्लॉक अध्यक्ष, आलोक यादव को युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, लाल बहादुर यादव को कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा संजीव यादव एवं गिरवर यादव को जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन यादव, पीतांबर यादव एवं उपेंद्र यादव को जिला महामंत्री तथा मुरारी यादव एवं शिवशंकर यादव को वाड्रफनगर विकासखंड संरक्षक बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संभागीय उपाध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर उर्फ बाबर यादव एवं अखंड यादव को नियुक्त किया गया हैं वहीं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव को नियुक्त किया गया हैं तथा रमेश यादव दलधोवा को बलरामपुर संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठके दौरान महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष द्रौपदी यादव, जिला संरक्षक राम बिहारी यादव, श्यामधारी यादव, सुनेश्वर यादव, अखिलेश यादव, राधेश्याम यादव, अश्वनी यादव, अमित यादव, कामख्या यादव, राजधान यादव, उमा शंकर यादव, दयाली यादव, डीपी यादव, महेंद्र यादव, केदार यादव, भूतनाथ यादव, विद्याधर यादव, शुभम यादव, दीपक यादव, ठेकेदार बासदेव यादव, शोभचंद यादव, रामप्यारे यादव, रामनाथ यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुनकुरी थाना अंतर्गत ग्राम खजूर बहार निवासी संजय एक्का आ. स्व. बेलजामिन एक्का (35 वर्ष) गुरूवार को तपकरा अंतर्गत ग्राम मकसपाली निवासी बहर के ससुराल गया था। दूसरे दिन बाइक से अकेल घर वापस लौटने लगा और जैसे ही खजूर बहार और रेमते के बीच नदी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को संजीवनी 108 वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गर्मी से लोग हलाकान सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान नजर आने लगती हैं और बाजारों व प्रतिष्ठानों में भी सन्नाटा पसरा रहता है। बढ़ते तापमान के कारण आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर इतना अधिक है कि दोपहर के समय सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही लगभग थम सी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। खासकर बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर के समय लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं, वहीं ठंडे पेयजल और छांव की तलाश बढ़ गई है। मौसम के तेवर देखते हुए लोगों ने प्रशासन से पेयजल व्यवस्था और राहत के उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

### नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां, कर रहे राशि का दुरूपयोग

# ग्राम पंचायत खोरमा में चेकडेम के नाम पर बड़ा खेल, एक ही नाला में 3 चेकडेम का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण को मजबूत करने और समग्र विकास को गति देने में चेक डेम अहम भूमिका निभाते हैं। ग्राम पंचायत के किसानों को खेती किसानी के लिए पानी उपलब्ध हो इस उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत स्थित नाला में चेक डेम का निर्माण कराया जाता है जिसका लाभ किसानों को मिल सके। हैरानी की बात तो यह है कि ग्राम पंचायत खोरमा स्थित एक नाला में ही महज कुछ कुछ दूरी में तीन चेक डेम का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में न सिफ नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है बल्कि चेक डेम के नाम पर मिलने वाली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

**खास बात**

- ग्रामीणों में भारी आक्रोश, जांच की मांग

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरमा में मनरेगा योजना के तहत पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों भारी गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। अन्य पंचायत की भांति ग्राम पंचायत खोरमा कोसम नाला में चेक डेम निर्माण किया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि नियमों को दरकिनार कर एक ही नाला में तीन-तीन चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा है।जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि एक नाला में एक चेकडैम का निर्माण हो चुका है, तो दूसरा निर्माण कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही किया जा सकता है। लेकिन खोरमा पंचायत में नियम को ताक पर रख दिया गया है। मात्र 200-200 मीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग नामों से चेक डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह मामला केवल तकनीकी उल्लंघन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार और जल संरक्षण के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है, उसे निजी स्वार्थ और लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में सरपंच की बजाय सरपंच पति ही सभी निर्णय लेते हैं और पंचायत में लंबे समय से सरपंच पति का दबदबा बना हुआ है, जिससे न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है।



निर्माणाधीन चेकडेम।

#### उप सरपंच ने की सीईओ से शिकायत

उपसरपंच संदीप रजक द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि कोसम नाला में नियमों को दरकिनार कर एक ही नाला में तीन-तीन चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि एक नाला में एक चेकडैम का निर्माण हो चुका है, तो दूसरा निर्माण कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही किया जा सकता है। लेकिन खोरमा पंचायत में यह नियम के विरूद्ध मात्र 200-200 मीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग नामों से चेक डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपसरपंच संदीप रजक ने मामले की निष्पक्ष जांच दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### आंदोलन की चेतावनी

एक ही नाला में महज कुछ कुछ दूरी में तीन चेकडैम का निर्माण किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम ने जनपद पंचायत प्रतापपुर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं और खुलेआम नियमों का उल्लंघन हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### किया जाएगा निरीक्षण

एक ही नाला में कुछ दूरी पर तीन चेक डेम बनाया जा रहा है तो गलत है। जगह का निरीक्षण किया जाएगा। गलत पाए जाने पर कार्य दूसरे जगह कराई जाएगी।

-निर्मल श्याम सिंह
जनपद पीओ



## प्रहलाद प्रसंग से गूंजा कथा पंडालः श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस भक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

बड़सरा साहू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन कथा स्थल पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। कथावाचक पंडित रविंद्र दुबे ने अपने प्रवचन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

तीसरे दिन की कथा में पंडित दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ-साथ भक्त प्रहलाद के प्रेरणादायक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रहलाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। अत्याचारी पिता हिरण्यकश्यप द्वारा अनेक यातनाएं दिए जाने के बावजूद प्रहलाद अडिग रहे और अंततः भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर अपने भक्त की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि सच्ची भक्ति में अटूट विश्वास और धैर्य होना चाहिए, तभी ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन के हर संकट में ईश्वर पर विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने लोगों से अहंकार, लोभ और क्रोध का त्याग कर भक्ति मार्ग अपनाने की बात कही। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, मनोज साहू, मितेश साहू, राम साहू, ओम प्रकाश साहू,अरविंद साहू,वीरेंद्र साहू,शोभा साहू गोविंद साहू सहित समाज के लोग मौजूद रहे।



## कांग्रेस व विपक्षी दलों ने महिलाओं से किया विश्वासघात : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को लोकसभा में पारित नहीं होने देने को लेकर प्रेस को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया व महापौर मंजूषा भगत ने कांग्रेस एवं इण्डी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे देश की महिलाओं के साथ "विश्वासघात" बताते हुए कहा कि इसका राजनीतिक परिणाम विपक्ष को भुगतना पड़ेगा।

- भाजपा का संकल्प 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहेंगे, कांग्रेस व गठबंधन दलों पर महिला विरोधी राजनीति का आरोप

प्रेस को संबोधित करते हुए महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भाजपा हर बाधा को दूर कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्या सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लाया गया यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। देशभर की महिलाओं में इसे लेकर उत्साह था, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और समाजवादी पार्टी के विरोध के कारण यह साकार नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने परिसीमन, धर्म आधारित आरक्षण और क्षेत्रीय विवाद जैसे मुद्दे उठाकर विधेयक में बाधा उत्पन्न की। सिसोदिया ने कहा कि यह देश की 70 करोड़ महिलाओं का अपमान है, जिसे देश की मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान एमआईसी सदस्य श्वेता गुप्ता, पार्षद किरण साहू, प्रियंका चौबे, नीलू गुप्ता, सरस्वती यादव, जातीन परमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### लखनपुर अस्पताल में सप्ताह में एक दिन चर्म रोग विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

**लखनपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस.मार्को के निर्देश पर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के त्वचा संबंधी रोगों के लिए डॉ. पीके.सिन्हा डीएचओ,डीएलओ अब लखनपुर के ओपीडी में त्वचा संबंधी रोगों के निदान के लिए महीने में एक दिन अपनी सेवाएँ देंगे। जहां त्वचा संबंधी रोगों का निदान करेंगे।सीएमएचओ के निर्देश पर चिकित्सक श्री सिन्हा ने आज से लखनपुर में महीने में एक दिन के लिए अपनी सेवाएं देना सुनिश्चित किया है। डॉक्टर की उपलब्धता से अब त्वचा से संबंधित बीमारियों के लिए लोगों को अंबिकापुर नहीं जाना पड़ेगा तथा उन्हें अपने रोगों का त्वरित निदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में ही सहजता से उपलब्ध हो पाएगा।

## सुशासन तिहार को लेकर समीक्षा बैठक, योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत शंकरगढ़ के जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

एसडीएम अनमोल टोप्पो द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी, सचिव एवं सरपंचों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। समीक्षा के दौरान भूमि संबंधी प्रकरण, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं पेयजल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं, आंगनबाड़ी, स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में तहसीलदार दानिश परवेज, जनपद पंचायत सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी इस्माइल खान एवं खंड चिकित्सा अधिकारी आफताब अंसारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा देश में कांग्रेस व विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी बता कर रही दुष्प्रचार : अम्बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला आरक्षण की आड में परिसीमन विधेयक पारित करने के उद्देश्य में विफल भाजपा द्वारा देश में कांग्रेस सहित विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी घोषित करने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में बैकुंठपुर की पूर्व विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

प्रेसवार्ता में उन्होंने यह जानकारी दी कि संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का बिल सितंबर 2023 में कांग्रेस के सहयोग से एनडीए की मोदी सरकार ने पारित करा लिया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया। तब सरकार ने यह तर्क दिया कि नई जनगणना के उपरांत, परिसीमन कर इसे वर्ष 2034 में लागू किया जाएगा। तब कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने महिलाओं को आरक्षण देने के सरकार के इस टाल-मटोल वाले रवैये की आलोचना करते हुए इसे तत्काल लागू करने एवं इसे लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर लागू करते हुए 181 सीटों को महिलाओं के लिए रिजर्व करने की मांग की थी, जिसपर कांग्रेस आज भी कायम है। सितंबर 2023 में महिला आरक्षण को लेकर पारित इस बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के उपरांत यह कानून में बदल चुका है, लेकिन भाजपा ने शर्तें जोडकर महिला आरक्षण को उस पोस्ट-डेटेड चेक में बदल दिया है जो कभी भुनाया ही नहीं जा सकेगा। श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रयासों का फल है कि देश में आज बड़ी संख्या में नारी शक्ति राजनीतिक भागीदारी दे रही है। महिलाओं को मताधिकार, पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में महिला आरक्षण सहित संसद एवं विधानसभाओं मौजूदा महिला आरक्षण की नीव कांग्रेस द्वारा ही रखी गई और हम तत्काल ही इसे सरकार से लागू करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की आड में मनमाफिक परीसीमन लागू कर देश में तानाशाही स्थापित करने का था। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद, पीसीसी महामंत्री, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, विनीत विशाल जायसवाल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या रवानी, श्रीमती गीता प्रजापति, श्रीमती सरला सिंह, प्रीति सिंह, शकीला सिद्दकी मौजूद रही।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### मानसून पूर्व नालियों की सफाई के लिए शुरू किया गया अभियान

**अम्बिकापुर।** बरसात में होने वाले जलभराव से राहत के लिए ननि ने मानसून पूर्व शहर के नालियों की साफ-सफाई का अभियान शनिवार को प्रारंभ किया। नालियों की सफाई के लिए ननि ने 15 कर्मचारियों की टीम गठित की है। जो चिन्हांकित नाली-नाले की सफाई करेंगे।बरसात में हर साल निचली बस्तियों में जलभराव होता है वहीं बरसाती पानी का सही तरीके से निकासी नहीं होने के कारण वार्डों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात में शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री ने ननि प्रशासन को नाला-नालियों की सफाई कराने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था 31 मई के पूर्व कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर ननि द्वारा शनिवार को सफाई अभियान की शुरूआत की गई। ननि द्वारा बड़े नालों की पहचान कर उनकी सफाई पोकलेन एवं जेसीबी से जबकि सेकेण्डरी एवं नर्सरी नालियों की सफाई विशेष टीम से कराने का निर्णय लिया गया है। कबीर वार्ड स्थित हनुमान मंदिर के पास की नाली की सफाई भी की गई। आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि नालियों की साफ-सफाई का अभियान लगातार 15 दिनों तक चलाया जाएगा तथा ननि क्षेत्र के सभी वार्डों की नालियों की अच्छी तरह सफाई की जाएगी। इस दौरान आयुक्त, पार्षद, स्वच्छता विभाग के प्रभारी सदस्य सहित ननि के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

- हर वार्ड की नालियों की होगी साफ-सफाई

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध श्वास,छाती,एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.विकाश गोयल
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
BLOOD BANK CENTER
सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
26 अप्रैल 2026, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411